Need to take legal action against clubs and hotels not permitting people wearing Indian attire ? laid

श्रीमती केशरी देवी पटेल (फूलपुर): मैं आपका ध्यान भारतीय मूल्य एवं परम्पराओं का पालन ना कर रहे ऐसे तथाकथित अभिजात्य वर्ग के संस्थानों और क्लबों की ओर आकर्षित कराना चाहती हूँ जहाँ भारतीय परम्पराओं की लगातार अवमानना की जा रही है। हमारे देश के अधिकांश लोग जो ग्रामीण और शहरी दोनों परिवेशों से जुड़े हुए हैं वे अभी भी भारतीय परिधानों और वेशभूषा का प्रयोग करते हैं। विशेषकर यहाँ के निवासियों ने कुर्ता-पायजामा, लुंगी और साड़ी इत्यादि को जीवंत किया हुआ है। जैसा कि बहुत से पांच सितारा होटलों एवं अभिजात्य होटलों/क्लबों एवं गोल्फ कोर्स इत्यादि में भारतीय वेशभूषा पहनकर जाना प्रतिबंधित है, अभी हाल ही में कुछ गोल्फ क्लबों में भारतीय वेशभूषा पहनकर जाने पर अन्दर प्रवेश निषेध किया गया है। इसी प्रकार कई होटलों और क्लबों में भी इस तरह की घटनाएं पूर्व में भी हो चुकी हैं। मेरा निवेदन है, कि सरकार ऐसे प्रावधान बनाने का कष्ट करे जिससे ऐसे क्लबों, गोल्फ कोर्स और पांचसितारा होटलों पर कानूनी कार्यवाही की जा सके जहाँ भारतीय वेशभूषा पहनकर जाने की अनुमति नहीं है।